


नदी पार करना

एक बार एक आदमी को एक भेड़िया, एक बकरी और एक पत्तागोभी को नदी के उस पार लेकर जाना था. पर उसकी नाव इतनी छोटी थी कि वो अपने साथ एक बार में केवल एक ही चीज़ ले जा सकता था. आदमी को समझ में नहीं आया कि वो क्या करे? वो एक-एक करके भेड़िए, बकरी और पत्तागोभी को कैसे पार लेकर जाए जिससे भेड़िया, बकरी को न खाए, और बकरी पत्तागोभी को न खाए.

क्या तुम आदमी की मदद कर सकते हो?

आदमी ने क्या किया?

हल 1



वो पहले बकरी को लेकर गया

फिर वापिस लौटा

फिर भेड़िए को लेकर गया

और बकरी को वापिस लाया.

फिर वो बकरी को को छोड़कर पत्तागोभी लेकर गया.

फिर अंत में

वो बकरी को,
भेड़िए और पत्तागोभी
के पास वापिस लेकर गया.

हल 2



वो पहले बकरी को लेकर गया

और अकेला वापिस लौटा.

फिर पत्तागोभी लेकर गया

और बकरी को वापिस लाया.

फिर बकरी को छोड़कर भेड़िए को लेकर गया.

फिर अकेला वापिस लौटा

और अंत में बकरी को लेकर गया.